an>

Title: Regarding starting the passenger train No. 54321 and 54322 again between Balampur to Sitapur.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख): अध्यक्ष महोदया, मेरे निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला बालामऊ रेलवे स्टेशन से सीतापुर के मध्य चलने वाली पैसेंजर रेलगाड़ी संख्या 54321 व 54322 को निरस्त कर दिया गया है। उपरोक्त गाड़ी को निरस्त कर देने के कारण बालामऊ से सीतापुर के मध्य यात्रा करने वाले दैनिक यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस ट्रेन से यात्रा करने वाले ऐसे स्टुडेंट्स भी हैं जो रोज इस ट्रेन से यात्रा करते थे, उनको बहुत दिक्कत आ रही है, वे लोग धरने देने जा रहे हैं। अतः मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि आप जल्द से जल्द इस ट्रेन को पुनः शुरू कराएं।